दिन– मंगलवार दिनांक– 17 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। टंकक– प्रह्लाद कुमार

---

01. राज्य सरकार ने कहा– खुले में मांस की बिक्री पर लगाया जायेगा पूरी तरह प्रतिबंध। विक्रेताओं के लिए लाईसेंस होगा अनिवार्य।

02. राज्य सरकार रैयती जमीन के निबंधन से पहले खरीददारों को पूरी जानकारी उपलब्ध करायेगी। एक अप्रैल से प्रभावी होगी नई व्यवस्था।

03. रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय।

04. और, बिहार बोर्ड की मैट्रिक तथा सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं की वार्षिक परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं।

————————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि खुले में मांस की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जायेगा। विधान परिषद में उपमुख्यमंत्री सह नगर विकास और आवास विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मांस विक्रेताओं के लाईसेंस की जांच होगी। श्री सिन्हा ने बताया कि लाईसेंसी मांस विक्रेताओं को शेल्टर में स्थानांतरित किया जायेगा।

———बाईट———

————————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मार्च महीने तक लाभुकों को राशि उपलब्ध करा दी जायेगी। विधान परिषद में एक प्रश्न के उत्तर में श्री कुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार ने जुलाई महीने के बाद से योजना अन्तर्गत राशि का व्यय एसएनए स्पर्श मॉडयूल के तहत करने का निर्देश दिया है। हालांकि राज्य को इस वर्ष इकतीस जनवरी तक इससे छूट दी गयी थी। उन्होंने बताया कि केन्द्र से राशि प्राप्त होने पर लाभुकों को सहायता राशि का भुगतान किया जायेगा।

———बाईट———

————————————————————————

राज्य सरकार रैयती जमीन के निबंधन से पहले अब खरीददारों को पूरी जानकारी उपलब्ध करायेगी। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल ने बताया कि निबंधन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए निबंधन के समय पक्षकार की इच्छा के अनुसार सरकार संबंधित भूमि की रिपोर्ट दस दिन में उपलब्ध

करायेगी। रिपोर्ट के आधार पर संतुष्ट होकर पक्षकार निबंधन करा सकेंगे। श्री अनिल ने बताया कि जमीन की जानकारी लेने के लिए क्रेता या विक्रेता को तेरह तरह की जानकारी ई–निबंधन पोर्टल पर उपलब्ध करानी होगी। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था एक अप्रैल से प्रभावी हो जायेगी।

———————————————————————————

रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय कर दिये हैं। कल इस मामले में लालू प्रसाद और राबड़ी देवी ने अदालत में पेश होकर आरोपों से इंकार किया और मुकदमे का सामना करने की बात कही। गौरतलब है कि इस मामले में अदालत ने आरोपियों पर औपचारिक रूप से आरोप तय करने के लिए एक फरवरी से पच्चीस फरवरी के बीच व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया था।

———————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी मकान में शराब मिलने पर उस सम्पत्ति को तब तक जब्त नहीं किया जा सकता है जब तक कि शराब भण्डारण में मकान मालिक की भूमिका साबित न हो जाए। न्यायाधीश मोहित कुमार साह और न्यायाधीश आलोक कुमार पांडेय की खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई करते हुये यह फैसला सुनाया।

———————————————————————————

नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी में आज बिहार पेवेलियन का औपचारिक उद्‌घाटन किया जायेगा। सूचना प्रावैधिकी मंत्री श्रेयसी सिंह ने बताया कि बिहार पेवेलियन का उद्‌घाटन उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। इस मौके पर केंद्रीय पंचायतीराज मंत्री राजीव रंजन सिंह मुख्य अतिथि होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह करेंगे। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में देश–विदेश की एआई कंपनियों को राज्य में निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा। साथ ही उन्हें बिहार ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर और राज्य की सेमीकंडक्टर नीति के बारे में जानकारी दी जाएगी। पांच दिन की एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी का आयोजन इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के साथ किया जा रहा है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजस्थान के खैरथल–तिजारा जिले के टपूकडा में एक कारखाने में आग लगने से पूर्वी चम्पारण जिले के मजदूरों की मौत पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने मृतक के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दो–दो लाख रूपये

अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। इधर, राजस्थान सरकार ने भी मृतकों के परिजनों को तीन–तीन लाख रूपये सहायता राशि देने की घोषणा की है।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा आज से शुरू हो रही है। इस बार पन्द्रह लाख से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इनमें सात लाख पचासी हजार सात सौ छब्बीस छात्राएं और सात लाख छब्बीस हजार नौ सौ इकसठ छात्र हैं। बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल एक हजार छह सौ निन्यानवे केन्द्र बनाये गये हैं। इनमें से एक सौ बावन केन्द्र को मॉडल केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा का आयोजन पच्चीस फरवरी तक दो पालियों में किया जायेगा। और ब्यौरा हमारी संवाददाता से–

———बाईट———

पहली पाली की परीक्षा नौ बजकर तीन मिनट से शुरू होगी। परीक्षा केन्द्रों पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाने लगा है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से तीस मिनट पहले तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जायेगा। कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए परीक्षार्थियों की दो स्तरों पर तलाशी ली जा रही है। परीक्षार्थियों को जूता–मोजा पहनकर आने पर रोक लगा दी गयी है। परीक्षा केन्द्र का गेट बंद होने के बाद दीवार फांदकर प्रवेश करना आपराधिक कृत्य माना जायेगा। परीक्षा केन्द्रों के आस–पास निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी हैं। बोर्ड ने मैट्रिक परीक्षा को लेकर पटना में एक कंट्रोल रूम की स्थापना की है। इसका नम्बर है– **शून्य छह एक दो दो दो तीन दो दो पांच सात और शून्य छह एक दो दो दो तीन दो दो दो सात।** इन दोनों नम्बरों पर किसी भी प्रकार की सहायता के लिए सम्पर्क किया जा सकता है।

समाचार कक्ष मैं डॉक्टर सविता पारीक।

इधर, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं भी आज से शुरू हो रही हैं। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि छात्रों के लिए सुबह दस बजे के बाद परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। पहली पाली की परीक्षा सुबह दस बजकर तीस मिनट से शुरू होगी।

———————————————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इस वर्ष से लागू दसवीं की नई बोर्ड परीक्षा योजना के तहत पात्रता नियमों पर आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी किया है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल होना सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य है। यदि कोई छात्र पहली परीक्षा में तीन या उससे अधिक विषयों में अनुपस्थित रहता है, तो वह दूसरी परीक्षा के लिए पात्र नहीं होगा। ऐसे छात्रों को "एसेन्शियल रिपीट" श्रेणी में रखा जाएगा और वे संबंधित विषयों की परीक्षा अगले वर्ष फरवरी में होने वाली मुख्य परीक्षा में ही दे सकेंगे।

बोर्ड के अनुसार, दूसरी परीक्षा केवल निर्धारित श्रेणियों के छात्रों के लिए है। पहली परीक्षा पास कर चुके छात्र, जो अपने अंक सुधारना चाहते हैं, "इम्प्रूवमेंट" श्रेणी के तहत अधिकतम तीन मुख्य विषयोंकृविज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओंकृमें दोबारा परीक्षा दे सकते हैं।

पहली परीक्षा में किसी एक विषय में अनुत्तीर्ण छात्र "कम्पार्टमेंट" श्रेणी के अंतर्गत दूसरी परीक्षा देकर उस विषय को उत्तीर्ण कर सकते हैं।

इसके अलावा, जो छात्र उत्तीर्ण हो चुके हैं लेकिन अपने पूरे परिणाम में सुधार के लिए किसी विषय को बदलना चाहते हैं, उन्हें भी दूसरी परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी।

———————————————————————————

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी, एनटीए ने जेईई मेन के पहले सत्र का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा में देशभर के बारह छात्रों ने सौ परसेंटाईल हासिल किये हैं। बिहार से गया के शुभम कुमार को सौ परसेंटाईल मिले हैं। उन्होंने देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। अभ्यर्थी जेईई मेन डॉट एनटीए डॉट एनआईसी डॉट आईएन पर अपना परिणाम देख सकते हैं। जेईई मेन के दूसरे सत्र की परीक्षा का आयोजन दो अप्रैल से नौ अप्रैल के बीच होगा।

———————————————————————————

आज भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की अड़तीसवीं पुण्य तिथि है। इस अवसर पर पटना के जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में मुख्य राजकीय समारोह का आयोजन किया जायेगा। समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

———————————————————————————

विशेष निगरानी इकाई ने औरंगाबाद जिले के हसपुरा अंचल कार्यालय में तैनात लिपिक श्लोक कुमार को दस हजार रूपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। यह राशि अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी के नाम पर दाखिल–खारिज के एवज में ली गयी थी।

———————————————————————————

रोहतास जिले के परसथुआ थाना क्षेत्र अन्तर्गत एनएच तीन सौ उन्नीस पर आज सुबह एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दो शिक्षकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छात्र–छात्राओं समेत आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि कैमूर जिले के चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के मढौना मध्य विद्यालय के बच्चे शैक्षणिक परिभ्रमण पर पटना, नालंदा और राजगीर जा रहे थे। इसी दौरान ओवरटेक करने के क्रम में बस एक ट्रक से टकरा गई, जिसके चलते यह हादसा हुआ।

———————————————————————————

गोपालगंज जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र के पंडितपुरा और विशनपुरा गांव में एनआईए और बिहार एटीएस की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की है। इस दौरान

एक स्थानीय इंजीनियर को हिरासत में लेकर लम्बी पूछताछ की गयी। यह छापेमारी किस मामले में हुई है, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है।

—————————————————————————

सिपाही भर्ती के तहत पटना के गर्दनीबाग मैदान में चल रही शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान चार अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया है। चारों ने लिखित परीक्षा में अपनी जगह दूसरे को परीक्षा देने के लिए बैठाया था और स्वयं शारीरिक परीक्षा देने पहुंचे थे।

—————————————————————————

बीसीसीआई द्वारा आयोजित सीनियर महिला वन–डे के प्लेट ग्रुप में बिहार टीम विजेता बनी है। कटक में खेले गये फाईनल मैच में बिहार ने सिक्किम को पराजित किया। इस जीत के साथ ही बिहार की टीम ने अगले वर्ष एलिट ग्रुप में अपना स्थान पक्का कर लिया है।

—————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राज्य की पच्चीस लाख महिलाओं के खाते में भेजे गये दो हजार पांच सौ करोड़ रूपये।

दैनिक जागरण लिखता है– दिल्ली में एआई महाकुम्भ का शुभारंभ। अमीर–गरीब सभी तक पहुंचेगा एआई।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– इस साल बिहार में कहीं बाढ़ तो कहीं सूखा के संकेत।

प्रभात खबर की सुर्खी है– जेईई मेन के पहले संस्करण का परिणाम जारी। गयाजी के शुभम समेत देश के बारह छात्रों को सौ परसेंटाईल।

राष्ट्रीय सागर के शब्द है– बिहार के मॉडल स्कूलों में नामांकन के लिए ग्यारह मार्च को होगी प्रवेश परीक्षा।

आज अखबार लिखता है– राजस्थान में मोतिहारी के सात मजदूर जिंदा जले।

—————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार ने कहा– खुले में मांस की बिक्री पर लगाया जायेगा पूरी तरह प्रतिबंध। विक्रेताओं के लिए लाईसेंस होगा अनिवार्य।

02. राज्य सरकार रैयती जमीन के निबंधन से पहले खरीददारों को पूरी जानकारी उपलब्ध करायेगी। एक अप्रैल से प्रभावी होगी नई व्यवस्था।

03. रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय।

04. और, बिहार बोर्ड की मैट्रिक तथा सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं की वार्षिक परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।

**पंचायत प्रतिनिधि**

राज्य सरकार ने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय समय पर भुगतान करने की व्यवस्था की जायेगी। सदस्य सौरभ कुमार के एक प्रश्न के उत्तर में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि इस संबंध में कार्रवाई शुरू कर दी गयी है और प्रतिनिधियों का डेटाबेस बनाया जा रहा है।

———बाईट—सम्राट चौधरी———16 सें.

पारीक／अभिषेक—17.02.2026 डेस्क